राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 03 दिसम्बर, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की 137वीं जयन्ती के अवसर पर राजभवन के सामने राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त राज्यपाल ने चरखा से सूत कात रही स्वदेशी कंबल आश्रम की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री जनक राम, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजेन्द्र बाबू को नमन कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राजेन्द्र घाट स्थित राजेन्द्र बाबू के समाधि स्थल पर भी पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये।

....